# बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में अंतरविभागीय समन्वय बैठक हुई

## बाल अधिकार संरक्षण की सदस्य ने किया मातृछाया का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 09 सितंबर. मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा सतना जिले में संचालित सदस्य श्रीमती मेघा पवार ने मंगलवार को सेवा भारती (मातृ छाया) का निरीक्षण किया गया। इसके बाद सरस्वती आवासीय विद्यापीठ उतैली के शिशु वाटिका के बालकों तथा कक्षा 5वीं व हाईस्कूल के बालकों से चर्चा की। उन्होंने बालकों को मोबाइल से दूर रहने तथा जीवन में खेल को बढ़ावा देने एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दी एवं विद्यालय में स्थापित बाल सुलभ पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय का भ्रमण किया।**

सर्किट हाउस सतना में बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में अंर्तविभागीय समन्वय बैठक में आयोग सदस्य ने पाक्सो प्रकरणों में बाल कल्याण समिति को अनिवार्य रूप से गंभीरता बरतने तथा विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे के अंदर नशा को पूर्णतः प्रतिबंध किये जाने की कार्यवाही हेतु पुलिस विभाग को निर्देश दिये। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेशित बालकों को नियमानुसार लाभ प्रदान किये जाने एवं विद्यालयों में शाला त्यागी बालकों का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं स्कूल बैग का वजन नियमानुसार रखने तथा विद्यालयों में गुड टच बैड टच तथा पॉक्सो अधिनियम एवं



चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में रेल्वे स्टेशन तथा सभी मुख्य हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अभियान चलाकर बालकों को शासन की योजनाओं से जोड़ने हेतु एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर एक सूचनातंत्र का गठन करना जिससे समय रहते बाल विवाह के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके तथा उचित कार्यवाही हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया। जनजातीय कार्य विभाग के सभी छात्रावासों में बालिकाओं से मिलने वाले आगंतुकों के आधार कार्ड से पहचान के उपरांत ही मिलने का प्रावधान किये जाने तथा सीसीटीव्ही कैमरा अनिवार्य रूप से लगाये जाने तथा पॉक्सो अधिनियम की जानकारी के संबंध में निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऑटो रिक्शा के माध्यम से स्कूल के बच्चों के आवागमन को रोकने एवं स्कूल बसों के चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन के संबंध में परिवहन विभाग को निर्देश दिये गय।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल.के. तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, आर.टी.ओ. संजय श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, श्रम विभाग अनुराग प्रताप सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के.के. शुक्ला, क्षेत्र संयोजक, सपोर्ट पर्सन पैनल, विशेष किशोर पुलिस इकाई उपस्थित रहे।

# पानी से भरी खदान में मिला मजदूर का शव

▸ जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर. मैहर में एक युवक का पानी से भरे खदान में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेजा गया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।**

मामला मैहर जिले के नादन देहात थाना अंतर्गत ग्राम खरौंदी का बताया गया। जहां सुबह खुली खदान में पानी भरा हुआ था जिसमें सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। जिसे स्थानीय लोगों ने निकला मृतक की पहचान मिथुन कोल उम्र 33 वर्ष के रूप में की गई पुलिस ने



मर्ग कायमी करते हुए शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया। वही समाज सेवी रामानंद पटेल अपने निजी वाहन से शव का पोस्टमार्टम कराने मैहर सिविल अस्पताल ले कर पहुंचे उन्होंने मृतक की जानकारी दी.

नादान देहात थाना प्रभारी के एन बंजारे ने बताया कि मिथुन मजदूरी का कार्य करता था मजदूरी कर सोमवार की शाम घर लौट रहा था इस दौरान बीच रास्ते में खदान के पास शौच के लिए रुक गया बाकी साथी वहां से चले गए जब रात तक मिथुन अपने घर नहीं पहुंचा तो तलाश शुरू की गई।

### मिर्गी की थी बीमारी


खदान के पास मजदूर के कपड़े मिलने के बाद पानी में डूबने की आशंका जताई गई। जिसे देखते हुए स्थानीय गोताखोरों ने पानी में तलाश शुरू की। जिसके बाद शव बरामद कर लिया गया। वही लोगों ने बताया कि मिथुन को मिर्गी की बीमारी थी फिलहाल नादन थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

# पोषण आहार के नाम पर छली जा रहीं हैं गर्भवती महिलाएं

## 50 रुपए के पोषण आहार किट में बमुश्किल 20 रुपए का सामान, महिलाओं ने किया विरोध

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर. मैहर सिविल अस्पताल में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण विहीन पैकेट दिए गए। 9 सितंबर को आशा कार्यकर्ताओं ने सौ से अधिक पैकेट वितरित किए।**



प्रत्येक पैकेट में केवल तीन नमकीन पैकेट, एक पानी की बोतल और दो केले शामिल थे। जिसकी कीमत 20 रु भी नहीं थी। योजना के अनुसार, गर्भवती महिलाओं को हर माह की 9 और 25 तारीख को 50 रुपए तक का पौष्टिक स्वल्पाहार मिलना निर्धारित है। 25 अगस्त को भी इसी तरह के गुणवत्ताहीन पैकेट बांटे गए थे। उस समय बीएमओ डॉ. पियूष पांडे ने जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए थे।

### महिलाओं ने की मांग

महिलाओं ने मांग करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए प्रोटीन, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व आवश्यक हैं। परंतु स्वल्पाहार में केवल नमकीन और केले की उपलब्धता योजना के मूल उद्देश्य से मेल नहीं खाती। महिलाओं ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है कि उन्हें वास्तविक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए, जिससे मातृत्व सुरक्षा योजना का उचित लाभ मिल सके।

### सीएमएचओ ने लिया संज्ञान

डॉ. एल के तिवारी सीएमएचओ सतना/मैहर द्वारा इस शिकायत को संज्ञान में लिया गया है। सीएमएचओ के अनुसार संबंधित एजेंसी को इस माह से उसके इस कार्य आदेश को निरस्त कर दिया जाएगा और यह कार्य अब स्वयं खंड चिकित्सा अधिकारी अपने स्तर से स्थानीय एजेंसी से अच्छी क्वालिटी की सप्लाई करवाएंगे और जो गड़बड़ियां की गई है उसके जो बीएफ लंबित है उसमें अर्थ दंड लगाकर वसूला जाएगा।



## सीपी राधाकृष्णन की जीत पर सांसद ने दी बधाई

**सतना, 9 सितम्बर.** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सतना से सांसद गणेश सिंह ने उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की शानदार जीत पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति को बधाई देते हुए कहा कि सीपी राधाकृष्णन एक योग्य और अनुभवी राजनेता हैं, जिनके नेतृत्व में देश और संसद को उनके विशाल अनुभव का लाभ मिलेगा। सतना सांसद गणेश सिंह ने अपने बयान में कहा कि सीपी राधाकृष्णन एक अनुभवी और समर्पित राजनेता हैं।

# एकेएस में डॉ. भौमिक कृषि संकाय के अधिष्ठाता नियुक्त

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के कृषि संकाय के अधिष्ठाता (डीन) का दायित्व प्रख्यात शिक्षाविद् एवं प्रकृति-प्रेमी डॉ. अशोक कुमार भौमिक को सौंपा गया है।**

डॉ. भौमिक, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात ए.के.एस. विश्वविद्यालय से जुड़े हुए थे। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय परिवार—प्रशासनिक अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों—में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। डॉ. भौमिक शिक्षा जगत में अपने विशाल अनुभव, शोधपरक दृष्टि और प्रकृति-प्रेमी व्यक्तित्व के लिए



विख्यात हैं। वे प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी हस्ती हैं और मानवीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व रखते हैं। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत रहते हुए उन्होंने अनेक नवाचारों और उल्लेखनीय कार्यों को अंजाम दिया। विशेष रूप से, पुटटपरथी में सत्य साईं के परिसर में उन्होंने मृतप्राय 'कल्पवृक्ष' को पुन: जीवित कर नई ऊर्जा प्रदान की, जिसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जाता है। सिर्फ विश्वविद्यालय तक ही सीमित नहीं, डॉ. भौमिक ने सतना में भी कई सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों का बीड़ा उठाया है। वे व्यक्तिगत रूप से वेंकटेश मंदिर के गुम्बद में उगी हुई खरपतवार को हटाने और उसके उपचार का कार्य करना चाहते हैं। इसके साथ ही, आई.एस.आई. के साथ मिलकर वृक्षारोपण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की उनकी योजनाएँ हैं।आपको उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिक का सम्मान केन्द्रीय मंत्री जनरल वी. के. सिंह के कर कमलों से प्राप्त हुआ।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का फरार इनामी

## दरवाजा तोड़ घर में घुसकर दिया था घटना को अंजाम

नवभारत न्यूज

**सतना 9 सितंबर. दरवाजा तोड़ घर के अंदर प्रवेश कर महिला के साथ दुष्कर्म जैसी दुस्साहसिक घटना हो अंजाम देने वाले फरार ईनामी आरोपी को पुलिस ने 3 महीने बाद दबोच लिया. आरोपी पर एसपी द्वारा ईनाम 10 हजार की घोषणा की गई थी.**

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला द्वारा दुष्कर्म की शिकायत की गई थी. महिला ने पुलिस को बताया कि उनके पति बाहर गए हुए थे. देर रात लगभग साढ़े 12 बजे मनकहरी निवासी अभिषेक उर्फ अन्नू तिवारी पिता कृष्णपाल उम्र 26 वर्ष उनके घर आ धमका. अभिषेक ने महिला के घर का दरवाजा खटखटाना शुरु कर दिया. जिसे सुनकर महिला ने कहा कि उनके पति घर पर नहीं हैं. लिहाजा वे दरवाजा नहीं खालेंगीं. यह सुनकर अभिषेक ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास शुरु कर दिया. महिला द्वारा दरवाजा बचाने का काफी प्रयास किया गया. लेकिन इसके बावजूद भी अभिषेक दरवाजा तोड़ने में कामयाब हो गया. दरवाजा तोड़कर घर के अंदप प्रवेश करने के बाद अभिषेक ने जान से मारने की धमकी देते हुए महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. जिसके बाद जान से मरने की धमकी देते हुए वह भाग निकला.

महिला द्वारा घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की गई. जिसकी भनक लगते ही आरोपी अभिषेक फरार हो गया.

### हनुमानगंज से दबोचा

थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित करते हुए आरोपी की तलाश शुरु की गई लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली. जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार का ईनाम घोषित कर दिया गया. वहीं सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम रामपुर बघेलान के हनुमानगंज क्षेत्र में पहुंच गई. जहां से आरोपी को दबोच लिया गया.

# जिला स्तरीय चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर. अन्तर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था चिन्मय मिशन द्वारा आयोजित गीता गायन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज राजेंद्र नगर स्थित चिन्मय विद्यालय में संपन्न हुई।**

इस अवसर पर जिले के अनेक विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया।ब्रह्मचारिणी गार्गी चैतन्य के सान्निध्य में आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ मानिकचंद शुक्ला श्रीमती वंदना अवस्थी दुबे एवं श्रीमती मनीषा सिंह रहीं। कार्यक्रम संयोजक मनमोहन माहेश्वरी श्रीमती आशा नायक एवं स्मिता सिंह परिहार ने आयोजन संपन्न



कराया। प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी अंशु राय प्रीति नेमा एवं समिति सदस्य विभाष बनर्जी अर्पिता सोनी किरण गुप्ता अनमोल केसरवानी डॉ भारती पांडे लक्ष्मी नारायण मिश्रा धीरेंद्र गौतम दिलीप पांडे सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न इस प्रतियोगिता में छः समूह रहे। जिसमें सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।श्रीमती आशा नायक ने बताया कि नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक के बच्चों के लिए आयोजित यह प्रतियोगिता श्रीमद्भगवत गीता के 15 वें अध्याय पर आधारित रही। इसमें ग्रुप ए में प्रथम अक्षिता वर्मा द्वितीय आरुषि पयासी तृतीय सात्विक केसरवानी ग्रुप बी में प्रथम प्रियांशी सोधिया द्वितीय अभिजीत निगम तृतीय आदित्य प्रताप सिंह बघेल ग्रुप सी में प्रथम आराध्या सिंह बघेल द्वितीय आरुष तृतीय देवांश ग्रुप डी में प्रथम अदिति गौतम द्वितीय श्रेयांशी मिश्रा तृतीय ओम तिवारी ग्रुप ई में प्रथम कृपा त्रिपाठी द्वितीय किशन समदड़िया तृतीय सौम्या अग्रवाल एवं ग्रुप एफ में प्रथम नैंसी सिंह द्वितीय स्तुति गौतम तृतीय दिव्यांश दाहिया घोषित की गई। सभी विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजयी प्रतिभागी 12अक्टूबर को आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

नवभारत न्यूज

**सतना 09 सितंबर. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 10 सितम्बर को प्रातः 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है।**

जिसमें हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा, वन अधिकार पट्टा, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, सिविल केस विथ जीपी एवं एजीपी, लीगल कॉलोनी डिप्लायमेंट, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा विहीन ग्रामों का भौतिक सत्यापन, राहत प्रकरणों की समीक्षा, भू अर्जन के प्रकरण, लंबित सीएम मानिट प्रकरण, पीएम किसान योजना, लंबित आडिट कंडिकाएं, मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना, कृषि संगणना फेज-3, सर्वेयरों का भुगतान की समीक्षा की जायेगी। बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त प्रभारी अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, लोक सेवा को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## एक नजर में



### उपराष्ट्रपति चुनाव जीत पर मनाया जश्न

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सतना में उपराष्टपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी. राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। कार्यालय परिसर में पटाखे फोड़कर, मिठाई बांटकर और नारे लगाकर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनके विजन की जीत है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता मुरारी सोनी जिला महामंत्री ऋषभ सिंह जिला मंत्री दीप नारायण सिंह कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू, सुनील मिश्रा महेंद्र तिवारी अतुल सिंह परिहार गणेश मिश्रा मनीष शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कल्याणी क्लब ने किया एशियन खेल विजेता का सम्मान

सतना। कल्याणी क्लब की अध्यक्ष पूनम रल्लन संरक्षण रीमा कैला रेखा कैला के नेतृत्व में देहरादून में आयोजित एशियाई खेल विजेता हिमाद्री आइस रिग पर आयोजित शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में रजत पदक विजेता उद्रिका सिंह एवं कांस्य पदक विजेता पहलमोगिया को सम्मानित किया गया एवं स्मृति चिन्ह उपहार दिया गया पहल मोंगिया एवं उद्रिका सिंह ने भारत का नाम एवं सतना का नाम रोशन किया सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बधाई दी इस अवसर पर सुषमा मोगिया शशि मोगिया अनीता शर्मा निशा अरोड़ा वंदना नैयर रुचिका खेड़ा नीता खन्ना प्रेम मोगिया टीना मोगिया अरुण बेदी सभी उपस्थित रहे.

### कशौधन वैश्य नवयुवक मंडल की बैठक आयोजित

**सतना।** कशौधन धर्मशाला, पॉवर हाऊस चौक, सतना में कशौधन वैश्य नवयुवक मंडल की बैठक कशौधन वैश्य समाज सतना के जिलाध्यक्ष राधिका प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राधिका प्रसाद गुप्ता ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता कनिष्ठ उपाध्यक्ष ,गणेश महामंत्री, ओम प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ मंत्री , अशोक गुप्ता कोषाध्यक्ष , राजेश गुप्ता (तमरा) कार्यसमिति सदस्य शंकरलाल गुप्ता, रावेन्द्र गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी महेश गुप्ता टिकुरिया टोला इकाई 2 अध्यक्ष दयाल दास गुरु बाज़ार इकाई महामंत्री अभिषेक गुप्ता (पिंटू) राकेश गुप्ता शिवम (धवारी), राजेश ,शिवम( स्टूडियो),प्रिंस (मीडिया) सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित हुए। बैठक का आभार नवयुवक मंडल महामंत्री योगेश गुप्ता ने व्यक्त किया।



# ननि की जनसुनवाई में पहुंचीं 37 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना कार्यालय के बड़े मीटिंग हाल में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर योगेश ताम्रकार महापौर, नगर पालिक निगम सतना, राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष, और सत्यम मिश्रा उपायुक्त (वित्त) नगर पालिक निगम उपस्थित रहे।जन-सुनवाई में 37 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 05 आवेदन, अतिक्रमण से संबंधित 05 आवेदन, पेयजल से संबंधित 02 आवेदन, सम्पत्ति कर से संबंधित 04 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 04 आवेदन, साफ-सफाई से संबंधित 04 आवेदन, सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों, अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। महापौर द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुन: आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

## 6 दिन से लापता अधेड़, परिवार परेशान

**सतना, 9 सितम्बर.** पुरवा थाना



सिंहपुर जिला सतना निवासी हाल मुकाम सोनी मोहल्ला कृष्णा गुप्ता के मकान में किराए से जीवन ज्योति कालोनी थाना कोलगवां सतना विमला सिंह पति भालेंद्र सिंह उम्र 40 वर्ष ने अपने पति भालेंद्र सिंह उम्र 50 वर्ष के लापता होने की रिपोर्ट 5/9/25 को लिखाई है। शिकायत में कहा है कि मेरे पति 4/9/25 को 3 बजे घर में किसी को बिना कुछ बताए कहीं चले गए हैं।

# लवडेल स्कूल को सामूहिक गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर.भारत विकास परिषद् द्वारा रविवार, 7 सितम्बर को 'समूह गायन प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लवडेल विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।**


विजयी प्रतिभागियों में मान्या सिंह, सोहम जैन, नित्याशर्मा, धानी अग्रवाल, भव्या द्विवेदी ,अगम्या खरे और क्रिस्टी सीरवानी शामिल रहे। भारत विकास परिषद् द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विजयी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन दिया धरना

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 सितम्बर. भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर समय 12 दिन से कलेक्ट्रेट कार्यालय में धरना प्रदर्शन सत्याग्रह आंदोलन किया गया।**

आंदोलन स्थल पर किसान पंचायत का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह रहे एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंद्रजीत पाठक ने किया कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमृतलाल पटेल महासचिव महेंद्र सिंह संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद तिवारी आर पटेल जिला अध्यक्ष मैहर



नागेंद्र सिंह जगनंदन पटेल इंजीनियर जगनंदन पटेल सुखदेव सिंह धीरेंद्र पटेल केडी सिंह रामकलेश सिंह अर्जुन दहिया संतोष सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए एवं किसानों किसने की मांगों का समर्थन करते हुए शासन से तत्काल निराकरण की मांग की मुख्य अतिथि जगदीश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों के के लिए किसान भटक रहा है एक-एक बोरी के लिए दिन भर लाइन में लगा रहता है धक्का खाता एवं पुलिस की लाठी खाता तब भी यूरिया नहीं मिल रही धान की फैसले खराब हो रही हैंण

उत्पादन में कमी आएगी जिसमें किसानों की क्षति होगी आवारा जानवर फसलों को चौपट कर रहे हैं जले ट्रांसफार्मर बदलने एवं अतिरिक्त भार हितकर मनमानी बिल व्याप्त मनमानी बिल वापस करने एवं वास्तविक खपत से विद्युत बिल जारी करने एवं डिलौरा सोनबरसा में नियमों के विपरीत संचालित अबैधानिक फल सब्जी मंडी को कृषि उपज मंडी में स्थानांतरित कराई जाए।